मुख्यमंत्री ने पन्ना गौरव दिवस पर ‘जुगल किशोर सरकार लोक’बनाने की घोषणा की

चर्चा में क्यों?

22 मई, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती पर पन्ना गौरव दिवस के आयोजन में उज्जैन के ‘महाकाल लोक’की तर्ज पर पन्ना में ‘जुगल किशोर सरकार लोक’बनाए जाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में हुए गौरव दिवस समारोह में पन्ना को पवित्र धार्मिक नगरी बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जुगल किशोर सरकार लोक में चारों मंदिर परिसर सम्मिलित किये जाएंगे। जुगल किशोर लोक सुझाव और सलाह लेकर बनाया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने लोगों को महाराजा छत्रसाल से प्रेरणा लेने और उनके आदर्शों का अनुसरण करने के उद्देश्य से धरमसागर तालाब में उनकी प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की।
- गौरव दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने पन्ना ज़िले के विकास के लिये 178 करोड़ 51 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया।
- मुख्यमंत्री ने जन-प्रतिनिधियों की माँग पर कहा कि जिब 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों/ज़िलों में मेडिकल कॉलेज खोले जाने का फैसला होगा, तब उसमें पन्ना को भी शामिल किया जाएगा।
- उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में कृषि महाविद्यालय की मांग की गई थी, बाद में उसे तत्कालीन सरकार द्वारा अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया था, जिसे अब पन्ना में पुन: वापस लाया गया है।
- गौरतलब है कि मध्यकालीन राजपूत योद्धा महाराजा छत्रसाल बुंदेला (4 मई, 1649-20 दिसम्बर, 1731) भारत के मध्ययुग के एक महान प्रतापी योद्धा थे। उन्होंने मुगल शासक औरंगजेब को युद्ध में पराजित करके बुंदेलखंड में अपना स्वतंत्र हिन्दू राज्य स्थापित किया और ‘महाराजा’की पदवी प्राप्त की।
- महाराजा छत्रसाल का जन्म राजपूत परिवार में हुआ था और वे ओरछा के रुद्र प्रताप सिंह के वंशज थे। वे अपने समय के महान वीर, संगठक, कुशल और प्रतापी राजा थे। उनका जीवन मुगलों की सत्ता के खिलाफ संघर्ष और बुंदेलखंड की स्वतंत्रता स्थापित करने के लिये जूझते हुए निकला।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-announced-formation-of-jugal-kishore-sarkar-lok-on-panna-gaurav-diwas